### खबर संक्षेप

## 4 बडे बकायादारों को कुर्की की नोटिस

**सतना।** तहसीलदार उचेहरा मीनाक्षी जायसवाल ने उचेहरा तहसील के 4 बकायादारों पर डायवर्सन और अर्थदण्ड की 1 लाख 39 हजार 371 रूपये का राजस्व वसूली बकाया होने पर कुर्की वारंट जारी किया है। इनमें देवार की नितिका मिश्रा पर 75 हजार 371 रूपये,बाबूपुर के मनीष गोयल पर 53 हजार रूपये,डायवर्सन की बकाया और देवार के मनसुखलाल लोधी पर 8 हजार रूपये,मैनहा के श्यामसुंदर लोधी पर 3 हजार रूपये का अर्थदण्ड की राशि बकाया होने पर कुर्की वारंट जारी कर राशि जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। अन्यथा की स्थिति में कुर्क संपत्ति की नीलामी कर बकाया राजस्व वसूली की जायेगी।

## मुंडन कराकर बनारस लौट रहे परिवार का वाहन पुल के नीचे गिरा, कई घायल



**मैहर।** दर्शनार्थियों से भरा वाहन ब्रिज से नीचे गिर गया जिसमें कई लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर के नादन के पास सड़क हादसा हो गया है। बताया जा रहा है कि मां शारदा के दर्शन कर वापस लौट रहे थे दर्शनार्थियों का यूपी 65 बीआर 5656 वाहन पुल के नीचे गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। दर्शनार्थियों से भरी कार ट्रैक्टर को बचाने के चलते अनियंत्रित होकर ब्रिज से गिरी नीचे है। बनारस से परिवार बच्चें का मुंडन कराकर मां शारदा माता मंदिर से लौट रहे थे सभी तभी यह घटना हो गई। घायलों को डायल 100 की मदद से सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया है। हादसे में चार गंभीर घायलों को इलाज बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में 1/2 साल का मासूम भी शामिल है।

### आवागमन हुआ बाधित, पानी निकालने के लिए निगम प्रशासन ने लगाई मशीन

# सीवर लाइन का पाइप फूटने से सर्किट हाउस चौक की लिंक रोड पर भरा पानी





**सतना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के सर्किट हाउस चौराहे पर बुधवार को सीवर लाइन का पाइप फूटने की वजह से सीवर का गंदा पानी सर्किट हाउस चौराहे की लिंक रोड पर भर गया। पानी भरने के कारण लिंक रोड पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। लोग घंटों परेशान रहे। पाइप फूटने की सूचना मिलने पर नगर निगम प्रशासन ने लिंक रोड पर भारे पानी को निकालने के लिए मशीन लगाई। पानी निकालकर आवागवन को सुचारू रूप से प्रारंभ करने का प्रयास किया गया। यहां पर सड़क निर्माण भी आधा हुआ है जिसकी वजह से आमतौर पर भी लोगों को आने-जाने पर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।सर्किट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों और चौराहे पर तैनात रहने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों यहां पर सड़क के किनारे गड्ढा खोदकर सीवर लाइन का पाइप डाल गया था। उक्त पाइप अचानक फूट गया जिसकी वजह से सीवर का गंदा पानी सर्किट हाउस चौराहे से होकर पुल के किनारे से आई मयूजिका सिनेमा हॉल तक जाने वाले मार्ग पर पानी भर गया। पानी भरने से कच्चे मार्ग पर कीचड़ भी हो गया था। जिसके कारण यहां से पैदल चलना लोगों ने बंद कर दिया था। बताया जाता है कि कीचड़ इतना ज्यादा हो गया था कि दो पहिया वाहन का चलना भी मुश्किल हो रहा था। सर्किट हाउस के सूत्रों ने बताया कि सीवर का गंदा पानी होने की वजह से यहां पर गंदगी भी फैल गई और बदबू आ रही थी। जिसकी सूचना नगर निगम प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद बुधवार की शाम नगर निगम प्रशासन द्वारा मशीन लगाकर सीवर लाइन के गंदे पानी को सड़क से हटाया गया। उल्लेखनीय है कि शहर के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर सीवर लाइन चोक होने की वजह से गंदा पानी गटर से निकलकर सड़क पर बह रहा है। पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 31 में इसी तरह की स्थिति होने के कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। लगभग 1 महीने बाद निगम प्रशासन द्वारा इसे ठीक कराया गया तब कहीं जाकर सीवर का गंदा पानी सड़क पर बहना बंद हुआ।

## पतेरी में नाली को ढाकने ढाला जा रहा है स्लैब, गुणवत्ता देखने वाला कोई नहीं





### अभी से टूट रहे हैं चेंबर के ढक्कन

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड़ से आगे पतेरी अंधा मोड़ के आसपास नाली को बंद करने के लिए कंक्रीट स्लैब ढाले जा रहे हैं। यहां पर चल रहे निर्माण कार्य की निगरानी कौन कर रहा है इसे लेकर लोग काफी अचरज में हैं। नागरिक बताते हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने की वजह से पूरा कार्य घटिया किस्म का हो रहा है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि जिस मार्ग पर यह काम हो रहा है वह बहुत महत्वपूर्ण मार्ग है। यहां से छोटे से लेकर बड़े वाहनों का आना-जाना होता है। ऐसी स्थिति में नाली पर ढाला जा रहा है स्लैब ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा। ऐसी स्थिति में दुर्घटनाएं भी होने की आशंका बढ़ती जा रही है। मौके पर जाकर देखने पर यह समझ में आता है कि जिस भी कंपनी को यह काम दिया गया है वह कंपनी लापरवाह तरीके से काम कर रही है। नालियों का निर्माण भी घटिया किस्म की तरह हो रहा है। पतले पतले लोहे के राड डाले जा रहे हैं। नाली के अगल-बगल का स्लैब भी काफी पतला है। सड़क से निकलने वाले बाहरी वाहनों के कारण नाली कभी भी ध्वस्त हो सकती है। नाली के ऊपर सीमेंट कंक्रीट और लोहे का स्लैब भी मजबूत नहीं है। इसकी तराई भी नहीं हो रही है। देखकर लगता है कि स्लैब ज्यादा दिन तक नहीं चलेंगे। लोग इस बात को लेकर के अचंभित है कि इतना पैसा खर्च होने के बाद भी नगर निगम गंभीर क्यों नहीं हो रहा है। नागरिक सवाल उठाते हैं कि काम करने वाली ऐसी कौन सी एजेंसी है जिसे काम देना नगर निगम प्रशासन की मजबूरी है।

## महापौर पर 65 लाख का टैक्स बकाया

### विधानसभा में कांग्रेस ने की बर्खास्तगी की मांग



**सतना।** महापौर योगेश ताम्रकार पर 65 लाख का टैक्स बकाया होने के कारण की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उनकी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री पर 65 लाख रुपए का प्रापर्टी टैक्स बकाया है। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण लगाया है। विधायकों ने नगरीय प्रशासन मंत्री से मेयर को पद से बर्खास्त करने की मांग की है। आरोप है कि मेयर ने चुनाव के समय नगर निगम से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एनओसी ली थी। इसी तरह का मामला पार्षद गोपी गेलानी का भी सामने आया है।

### 2016 में 21 लाख का टैक्स बकाया था

विंध्या सेरेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड के भवन क्रमांक 511 पर मार्च 2016 में 21 लाख 60 हजार 725 रुपए का टैक्स बकाया था। नगर निगम ने नोटिस जारी किया था। मेयर ने इस नोटिस के खिलाफ प्रथम अपर जिला न्यायाधीश में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 2011 के बाद का टैक्स जमा करने का आदेश दिया। साथ हों 1997 से 2011 तक पुनरीक्षण की राहत दी। मेयर इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट गए,जहां से स्टे मिल गया। लेकिन अब उन्होंने 28 मई 2024 को हाईकोर्ट से याचिका वापस ले ली है। इससे वे पद से अयोग्य होने के नियम में फंस सकते हैं। शिकायतकर्ता प्रकाशचंद्र गुप्ता ने बताया कि हाईकोर्ट से याचिका वापसी पर जिला न्यायालय का आदेश प्रभावी हो जाता है। जिसमें बकाया टैक्स जमा करने के आदेश है। लेकिन ये टैक्स जमा नहीं करने पर महापौर की चुनाव के दौरान टैक्स बकाया की घोषणा गलत हो रही है। जिसे लेकर शासन को प्रकाशचंद्र गुप्ता ने शिकायत की है। उधर,मेयर के ऊपर 2011 में जो बकाया टैक्स 21 लाख 60 हजार 725 रुपए था वो बढ़कर अब 65 लाख 46 हजार 592 रुपए हो गया है।

### होली पर प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर



**सतना।** रंगों का त्योहार होली को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बुधवार को जिलेभर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और शांति सद्भाव के साथ त्योहार मनाने का संदेश भी दिया।शहर के मुख्य बाजार पुलिस का पैदल मार्च किया गया। यह पैदल मार्च जयस्तंभ चौक,ईदगाह चौक,लालता चौक,पुरानी आबकारी,भुजवां मोहल्ला,कृष्ण नगर सहित शहर के विभिन्न जगहों पर किया गया। इस मौके पर एसडीएम,एडिशनल एसपी,सीएसपी,टीआई सहित पुलिस भरी संख्या में बल मौजूद रहे। उल्लेखनीय की मुस्लिम धर्म और लंबियों का पवित्र महीना रमजान भी चल रहा है जिसको देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन में सौहार्दपूर्वक होली का पर्व मनाने की अपील की है।

## चैत्र नवरात्र मेला में वीआईपी दर्शन व्यवस्था रहेगी प्रतिबंधित

### मंदिर प्रबंधन समिति का निर्णय

**सतना।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर मंदिर समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि महाकुंभ के दौरान की गई व्यवस्था की गई थी,वही सारी व्यवस्था चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान की जाएंगी। मंदिर दर्शन में वीआईपी व्यवस्था पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। मेले के दौरान माता की आरती प्रातः 4 बजे एवं रात्रि 8 बजे आयोजित की जाएगी। रोपवे संचालन प्रातः 6 बजे से सायं 7 बजे तक संचालित हो सकेगा। मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों के वाहन बड़ी पार्किंग में ही रोके जाएंगे। बड़ी पार्किंग के अतिरिक्त अस्थाई पार्किंग भी बनाई जाएगी।जहां से दर्शन के लिए दर्शनार्थी ई-रिक्शा के माध्यम से मंदिर परिसर तक पहुंच सकेंगे। मंदिर के ऊपर नारियल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा यात्रियों के विश्राम के लिए जगह-जगह पंडाल एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने मंदिर परिसर की व्यवस्था को देखते हुए विद्युत विभाग को झूलती एवं कटी-फटी तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। पीएचई विभाग को मेले के दौरान पानी की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को यात्रियों को चिकित्सा व्यवस्था के साथ आपातकालीन व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पीडब्लूडी विभाग एवं नगर पालिका को मंदिर मार्ग व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान प्लास्टिक,पन्नी पूर्णः प्रतिबंधित रहेगी।नवरात्र मेले के दौरान रामलीला के आयोजन के अलावा आल्हा गान के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में दुकानों में प्राइवेट टैंकर पानी सप्लाई रात्रि के दौरान हो सकेगी। बैठक में जनपद अध्यक्ष आकांक्षा लोधी,प्रधान पुजारी पवन पाण्डेय,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, एसडीएम मैहर विकास सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,सहित विभागीय अधिकारी एवं मंदिर समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।





## होली पर सजा बाजार, आज होलिका दहन; कल खेला जाएगा रंग



**सतना।** रंग बिरंगे रंग, पिचकारी, मुखोटे और तरह-तरह की वस्तुओं का बाजार सज गया है। स्वादिष्ट मिठाइयों से लेकर रंग में डूबने वाले होरियारे तैयार हो गए हैं।लोग अपने-अपने तरीके से रंग खेलने की तैयारी कर रहे हैं। जगह-जगह होलिका दहन की भी तैयारी है। रंगविक्रमीय संवत 2081 को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि13 मार्च 2025 को सूर्योदय से लेकर सुबह 10:35 तक रहेगी। इसके बाद पूर्णिमा तिथि आरंभ हो जाएगी। भद्रा करण, सुबह 10:35 से आरंभ होकर रात्रि 11:26 तक रहेगा। होलिका दहन 13 मार्च रात 11:26 के बाद ही होगा। व्रत की पूर्णिमा भी 13 मार्च को होगी। दहन का मुहूर्त रात्रि 11 बजकर 26 मिनट से रात्रि 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि 14मार्च को स्नान दान की पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्रयुता परम पुण्यदायिनी फाल्गुनी पूर्णिमा दोपहर 12:23 तक रहेगी। इसके पश्चात चैत्र कृष्ण प्रतिपदा प्रारंभ होगी। इसलिए 14 मार्च को दोपहर के बाद रंग वाली होली रहेगी। 15 मार्च को प्रतिपदा सूर्योदय के समय व्याप्त रहेगी,इसलिए 14 शुक्रवार को अंझा रहेगा। उन्होंने बताया कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि,15 मार्च शनिवार को सूर्योदय से दोपहर 02 बजकर 33 मिनट तक रहेगी।

### मैहर अस्पताल ने किया मानवता को शर्मशार

## मां अपनी मृत बच्ची को लेकर रात भर पड़ी रही अस्पताल में

**मैहर।** मां के सामने तड़प तड़प कर हुई बच्चे की मौत और अस्पताल प्रबंधक मूकदर्शक बना रहा। मृत बच्ची के शव को घर पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की गयी जिसके चलते रात भर मां छाती से लिपटा कर मदद की आस लगाए अस्पताल में पड़ी रही। जानकारी के अनुसार गरीबी और लाचारी से मजबूर एक मां अपने आंखों के सामने अपनी 6 माह के बच्ची की मौत का तमाशा देखती रही वहीं अस्पताल प्रबंधक रात भर रेफर ट्रांसफर का खेल खेलते रहे।



घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ग्राम महेंदर थाना अमदरा जिला मैहर निवासी महिला अपने 6 माह की बच्ची को लेकर कल शाम मैहर सिविल अस्पताल पहुंची थी। बच्ची की हालत देखकर डॉक्टरो ने एडमिट कर उसका इलाज भी शुरू हो गया लेकिन मगर रात होते ही उसकी तबीयत और बिगड़ने लगी जिस पर हालात देखकर रात्रि ड्यूटी में तैनात स्टाफ ने उसे सतना जिला अस्पताल जाने के लिए सलाह देने लगे मगर गरीबी और जानकारी न होने के अभाव के चलते मां एंबुलेंस को फोन तक ना लगा सकी। आसपास के लोगों के द्वारा मदद कर एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन एंबुलेंस को आने में काफी वक्त लग रहा था। इस बीच घंटों बीत जाने के बाद मां के सामने ही तड़प रही बच्ची की अंततः मौत हो गई। मगर हद तो तब हो गई जब मृत बच्ची का शव लेकर मां छाती से लिपटा कर रात भर रोती रही लेकिन अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बच्ची का शव घर पहुंचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई उल्टा कह दिया गया कि सुबह तक इसी बेड में लेट कर आराम करो। मगर बेशर्मी की सारी हदें पार कर डॉक्टर और स्टाफ अपने-अपने ऑफिस में दरवाजा बंद कर ड्यूटी के दौरान सोते नजर आए मानो जैसे कुछ हुआ ही ना हो। वहीं पर मौजूद एक समाजसेवी अपने निजी पैसे से ऑटो को बुलाकर बच्ची का शव एवं उसकी मां को उसके उसके गांव के लिए सुबह भिजवाया गया।

## बुद्धाज भूमि ने महाबोधि-महाविहार आंदोलन के समर्थन में निकाली धम्म यात्रा



**सतना।** द बुद्धाज भूमि एवं द बुद्धाज वर्ल्ड के तत्वावधान में भगवान तथागत गौतम बुद्ध के सैकड़ों अनुयाइयों ने बिहार राज्य के गया स्थित महाबोधि-महाविहार मंदिर में लागू बीटीएमसी एक्ट 1949 को रद्द करने एवं मंदिर का प्रबंधन बौद्ध समुदाय को सौंपने की मांग को लेकर पिछले सत्ताइस दिनों से चल रहे महाबोधि-महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में बुधवार को माता सावित्री बाई जयोतिराव फुले टाउन हाल से कलेक्ट्रेट तक विशाल धम्मयात्रा निकाली एवं महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। द बुद्धाज भूमि एवं द बुद्धाज वर्ल्ड के पूज्य भन्ते गण एवं भगवान तथागत गौतम बुद्ध के सैकड़ों अनुयाइयों ने महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद13 में मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले कानून को शून्य घोषित करने का अधिकार है। भारत में अनेक धर्मो के लोग रहते हैं जिनकी अलग-अलग पूजा पद्धति और आस्था अपनाने की धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। भगवान तथागत बुद्ध को बोध गया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। विश्व भर के बुद्धिस्टों का यह मुख्य धार्मिक स्थल है। भारत के अनेक संस्थानों का प्रबंधन उसी सम्प्रदाय के दवारा संचालित किया जाता है,जिस धर्म को वे मानते हैं लेकिन महाबोधि-महाविहार मंदिर के प्रबंधन में बीटीएमसी एक्ट के तहत हिंदूओं को भी शामिल किया गया है। जो उचित नहीं है। ज्ञापन में कहा कि भारत के बुद्धिस्ट समुदाय की मांग है कि मंदिर प्रबंधन में केवल बुद्धिस्टों की भागीदारी होनी चाहिए। अतः मंदिर प्रबंधन में हिन्दुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाले एक्ट बीटीएमसी 1949 को निरस्त किया जाए और मंदिर प्रबंधन में पूर्णरूप से बौद्ध समुदाय को शामिल किया जाए।

**खबर संक्षेप**

## सड़क दुर्घटना में घायल की हुई मौत



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी अशोक चौधरी पिता सुकई चौधरी उम्र 30 वर्ष अपनी मोटर बाइक से अपने रिश्तेदारी में भैंसवाही की ओर जा रहा था जो पवई सड़क मार्ग से दगधा मोड पर मुडने ही वाला था कि पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वडे वाहन ने उसे टक्कर मारी औरं मौके से भाग गया घायल हुए युवक को राहगीरों की सूचना पर 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया गया और उसके परिजनों को सूचना दी गई प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर बताई गई उसका दाहिना पैर तीन स्थानों से टूटा बताया गया सर और चेहरे पर शरीर की कई अंगों पर गंभीर चोट बताई गई जिसे अमानगंज से कटनी रिफर किया गया था कटनी में चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर बताया और प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर जाने के लिए रेफर कर दिया जब जबलपुर जाते समय रास्ते में ही उसने अपना दम तोड़ दिया घटना की खबर जैसे उसके परिजनों को लगी सारे परिवार की हालत एकदम बिगड़ गई युवक 30 वर्ष का नया लड़का था अचानक यह घटना घट जाने से उसके परिवार पर बिजली आ टूटी आज गांव पहुंचते ही उसका अंतिम संस्कार किया गया अब जब स्थानिये पुलिस के पास जब मामले का मर्ग पहुंचेगा तो उसकी जांच आरंभ होगी और मामले में अपराध दर्ज होने के साथ ही आरोपी की पता शाजी होगी

**प्राथमिक उपचार के बाद अमानगंज से कटनी हुआ था रिफर अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर और हुआ गायब**

## पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ पवन तिवारी अल्प प्रवास पर अमानगंज आये



**अमानगंज।** डॉ पवन तिवारी प्रवास पर डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के निवास पर आये और सभी कार्यकर्ताओं से भेंट की। डॉ पवन तिवारी पहले छतरपुर विभाग के विभाग प्रचारक थे तब डॉ प्रशांत चतुर्वेदी भी छतरपुर नगर विस्तार थे ओर अमानगंज क्षेत्र आप का बहुत लगाव रहा है उसके बाद डॉ पवन तिवारी जबलपुर क्षेत्र से विद्या भारती के संगठन मंत्री भी रह चुके हैं जबलपुर महाकौशल क्षेत्र से विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री भी रह चुके हैं उनका पूरे क्षेत्र में सभी कार्यकर्ताओं से अच्छा लगाव है वह जब भी पन्ना जिले के प्रवास पर आते हैं तो अपने कार्यकर्ताओं के बीच जरूर पहुंचते हैं और उनके परिवार जनों का हाल-चाल जानते हैं और सभी कार्यकर्ताओं से मिलते है यह रहे हैं उपस्थित भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जय प्रकाश चतुर्वेदी,राजू चौबे, अनिल कंथरिया, अरुण रेले, लल्लू लाल रावत, राम लाल लखेरा, सुरेन्द्र दुबेदी, पुष्पेन्द्र बागरी, मस्तराम राजपूत, कमलेश पांडे, प्रदीप अवस्थी, सभी कार्यकर्ताओं ने साल श्री फल देकर किया स्वागत किया।

### पन्ना में अनाथ कन्याओं के विवाह में शामिल हुए बागेश्वरधाम प्रमुख

# अंगदान से भी बड़ा है कन्यादान - धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री







### होली के गीत गाकर मंच पर थिरके बागेश्वरधाम

**पन्ना।** जिले के बागेश्वरधाम शिष्य मंडल द्वारा चार अनाथ गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन श्री जुगल किशोर जी मंदिर परिसर में किया गया जिसमें चमत्कारी संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम शामिल हुए उन्होंने कहा कि इस युग में द्रव्य दान, वस्त्रेदान, अंगदान और रक्तदान जैसे तमामदान हैं पर इस सबसे भी बड़ा कन्यादान होता है इसमें कन्या को ही दान कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पन्ना सच मंडल द्वारा गरीब अनाथ कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया गया है जो प्रसंसनीय है हमारे यहां बागेश्वर धाम में जिन लोगों का विवाह नहीं हो पाया वह शिष्य मंडल कर रहा है अच्छा है उन्होंने कहा जब तक सनातन जिंदा है तब तक गरीब अनाथ नहीं रह सकते धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंच से सभी हिंदुओं से अपील करते हुए कहा कि जो सक्षम है उन्हें गरीबों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिये धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने लोगों को आशीर्वाद दिया इस कार्य की प्रशंसा की बागेश्वर धाम के बाबा के नाम से मशहूर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने होली के गीत भी गए और रंग गुलाल लगाया। जिन चार जोड़ों का विवाह किया गया उसकी जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम से शिष्य मंडल पन्ना के अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा ने बताया कि चार गरीब जोड़ों की शादी कराई गई है जिसमे किरण चौरसिया और सत्येंद्र चौरसिया बहुत गरीब है माता-पिता इस दुनिया में नहीं है, दूसरा जोड़ा रितु प्रजापति के पिता नहीं है घर से बहुत गरीब है इनका विवाह संतोष प्रसाद से किया गया है बेटी हर्षिता रैकवार के भी पिता नहीं है इनका विवाह महेश बाथम से किया गया है चौथी बेटी निशा अहिरवार है जो बहुत गरीब है और उनके मां पिता बहुत असमर्थ है इनका विवाह महेश बाथम से कराया गया है अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा ने कहा कि इन सभी कन्याओं को दहेज के रूप में सोफा पलंग अलमारी गद्दा बर्तन पूजा का सामान चद्दर रजाई कपड़े जैसे 54 प्रकार के उपहार दिए गए हैं नगर पालिका की अध्यक्ष मीना पांडे द्वारा भी उपहार दिया गया। जय माला के दौरान धीरेंद्र कृष्ण का शास्त्री ने होली जीत गए और गुलाल लगाया और सभी को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी श्री जुगल किशोर जी मंच से जयमाला हुई और लव कुश वाटिका से गाते हुए बारात निकाली गई। पन्ना में पहला मौका है जब बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया और इन गरीब कन्याओं के विवाह के बाद लोगों ने उपहार दिए इस समारोह में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के सदस्य विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे, कमलेश रावत कल्लू महाराज,निशु नायक, सदानंद गौतम पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी,संजू सिंह सागर, शैलेश नगायच, नरेंद्र शुक्ला, यश चतुर्वेदी, छोटू जड़िया मुंबई, कृष्णा शर्मा, राजू जड़िया, शौरव साहू, बिक्की सेन, विजय गुप्ता,अर्जुन मोना शर्मा,मयूर प्रताप सिंह, भैया जड़िया अर्चित मिश्रा, विक्की जुनेजा, अशोक रैकवार कार्यक्रम का संचालन राजकुमार वर्मा ने किया महाराज जी के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### भगवान जुगल किशोर का लिया आशीर्वाद

दोपहर करीब 2:30 बजे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पन्ना पहुंचे और सीधे उन्होंने भगवान जुगल किशोर जी मंदिर में पूजा आरती की और भगवान से आशीर्वाद लिया कहा मैं जुगल किशोर जी का आशीर्वाद लिया है और कहा है मैं आपको कथा सुनाने अवश्य आऊंगा यानी शीघ्र ही बागेश्वर धाम की कथा पन्ना में आयोजित की जाएगी।

### कलेक्टर और एस.पी. ने किया स्वागत

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जैसे ही मंच पर पहुंचे कलेक्टर सुरेश कुमार एवं एसपी साइन कृष्णा थोटा ने मंच पर पहुंचकर महाराज श्री का स्वागत किया महाराज के आगमन के लिए कोतवाली टी आई रोहित मिश्रा ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था लगा रखी थी यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार पूरे नगर के ट्रैफिक को व्यवस्थित किया।

# चांपा ग्राम में स्थापित बम्बू हाउस प्रकृति प्रेम और पर्यटन का संगम

**पन्ना।** चांपा ग्राम, देवेंद्रनगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित बम्बू हाउस, सोनी परिवार के प्रयासों से एक महत्वपूर्ण स्थल बन चुका है। यहाँ प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अद्भुत संगम है, जो न केवल पर्यटकों को आकर्षित करता है, बल्कि उन्हें एक शांत और सुकून भरी यात्रा का अनुभव भी देता है। बम्बू हाउस का निर्माण चार वर्षों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

प्राकृतिक सौंदर्य और ऑर्गेनिक खेती का संगम

बम्बू हाउस का डिजाइन पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों पर आधारित है। यहाँ बांस और लकड़ी से बने कॉटेज हैं, जो पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य से जोड़ते हैं। यहाँ पर रासायनिक तत्वों से मुक्त ऑर्गेनिक खेती की जाती है, जिससे शुद्ध देसी उत्पाद उपलब्ध होते हैं। इसके अलावा, गौशाला में शुद्ध देसी गाय का दूध और घी तैयार किया जाता है।



### स्थान और कनेक्टिविटी

यह स्थल पन्ना और सतना जिलों के बीच स्थित है, जो इसे एक आदर्श स्थान बनाता है। बम्बू हाउस पन्ना जिला मुख्यालय और नागौद से लगभग 25 किलोमीटर, सतना से 50 किलोमीटर की दूरी पर है। यह चौमुखनाथ, सलेहा, ककरहटी, गुनौर, देवेंद्रनगर से भी 10-12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। खजुराहो से प्रयागराज (इलाहाबाद) की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह एक ठहराव स्थल बन सकता है।

### धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व

इस क्षेत्र का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी काफी है। रामायण काल का अगस्त मुनि आश्रम, चौमुखनाथ स्थान और लक्ष्मण मंदिर (सूंघा बाबा मंदिर) इस क्षेत्र को ऐतिहासिक दृष्टिकोण से समृद्ध बनाते हैं। ये स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनसे यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर भी जुड़ी हुई है।

### भविष्य की संभावनाएँ

बम्बू हाउस का उद्देश्य केवल पर्यटन स्थल बनाना नहीं था, बल्कि यहाँ एक ऐसा स्थल बनाना था जहाँ लोग अपनी ज़िंदिगी से कुछ पल दूर, शांति और ताजगी का अनुभव कर सकें। इसके अलावा, यह स्थल भविष्य में और विकसित हो सकता है, जिससे क्षेत्रवासियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और यहाँ की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। चांपा ग्राम का बम्बू हाउस वर्तमान में एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण स्थल बन चुका है, जहाँ पर्यटक न केवल शांति का अनुभव करते हैं, बल्कि प्रकृति और स्वास्थ्य के लाभों से भी परिचित होते हैं। यह परियोजना सोनी परिवार के मेहनत का परिणाम है और क्षेत्र के लिए एक उज्जवल भविष्य का संकेत है।



## आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य आचार्य समय सागर जी का देवेंद्र नगर में आगमन, गगनभेदी गूंजा श्रीजी का जयकारा



**देवेंद्रनगर।** वात्सल्य हो या भगवान की प्रतिमूर्ति की उपाधि, त्याग तपस्या की जीवंत मूर्ति आचार्य समय सागर महाराज के पावन चरण देवेन्द्रनगर की धरा पर होली के ठीक पहले पड़े हैं। आचार्य श्री की ससंघ अगवानी हुई। आचार्य समयसागर महाराज के साथ निर्यापक श्रमण अभय सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रभात सागर जी, मुनिश्री चंद्र सागर जी, मुनि श्री विनीत सागर जी, मुनि श्री प्रशस्त सागर जी, मुनि श्री चंद्रप्रभ सागर जी, मुनि श्री मल्लि सागर जी, मुनि श्री आनंद जी, मुनि श्री निर्ग्रंथ सागर जी, मुनिश्री निर्भ्रांत सागर जी, मुनि श्री निरालस सागर जी, मुनिश्री निराश्रव सागर जी,मुनिश्री निराकार सागर जी, मुनि श्री निर्माण सागर जी, मुनिश्री निशंक सागर जी, मुनिश्री निर्लेप सागर जी, क्षुल्लक औचित्य सागर जी, क्षुल्लक गहन सागर जी, क्षुल्लक कैवल्य सागर जी, क्षुल्लक सुदृढ़ सागर जी, क्षुल्लक समुचित सागर जी, क्षुल्लक उचित सागर जी, क्षुल्लक अथाह सागर जी, क्षुल्लक उत्साह सागर जी, क्षुल्लक अमाप सागर जी। आगमन की सूचना पाते ही श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। उनके दर्शन पूजन करने के लिए बड़ी संख्या मंष आगमन मार्ग पर हजारों भक्त पहुंच गए। रंगोली सजाकर आचार्य श्री का स्वागत किया गया। वहीं जगह जगह उनका आरती पूजन कर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य भक्तों के अनुसार आचार्य समयसागर ससंघ का मंगल प्रवेश देवेंद्र नगर में हुआ। ग्राम बड़वारा से देवेंद्र नगर तक भक्तों ने भव्य अगवानी की। हाथों में आरती की थाल और श्रीफल के साथ लोगों ने आचार्य श्री के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आहार चर्या से पहले आचार्य श्री ने मंगल प्रवचन में भक्ति के रंग को अंतरंग तक प्रवाहित करने के संदेश दिए। आचार्य समय सागर महाराज की आहार चर्या बुधवार को देवेंद्र नगर में हुई। आचार्य श्री ने मंगल प्रवचन में श्रावकों को धर्म उपदेश दिया। दोपहर 4 बजे ककरहटी की ओर विहार हुआ। संभावित विहार दिशा कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र है।

## धरमपुर वन परिक्षेत्र अंर्तगत कुडरा बीट में नील गायों के मिले कंकाल



**पन्ना।** उत्तर वन मण्डल अंर्तगत धरमपुर रेंज अंर्तगत कुडरा बीट में नील गायों के कंकाल बरामद हुये है बताया जाता है कि उक्त नील गायों को करंट लगा कर मारा गया है लेकिन क्षेत्रिय वन अमला को उक्त मामले की कोई जानकारी नहीं मिली स्थानीय लोंगों द्वारा घटना की सूचना दी गई थी लेकिन वन अमला संबंधित स्थान पर छह घन्टा बाद पहुँचा तत्पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वन प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब बात यह है कि वन भूमि में वैसे तो कानून के कई तरह के नियम प्रभावी होते है पर नियमों का पालन कराने को लेकर जिम्मेदार बीट गार्ड कहां रहते है। यह इनका पूरा विभाग आला अफसर सभी जानते है क्योंकि जब बीटगार्ड की पदस्थापना बीट पर की जाती है तो नगरों में निवास कैसे? आखिरकार क्या जिम्मेदार अधिकारी स्वयं इस बात का जवाब देंगे। आखिरकार इनके ऊपर स्वयं मेहरबान है तभी तो हालात कहीं शिकार की दास्तां तो कहीं अवैध तरीके से लकड़ी कटने की घटना समाने आती है कार्यवाही के नाम पर यदा-कदा मामले जो पकड़ में आते है वह सामने आ जाते है बांकी हालात तो स्वयं विभाग की नाकामी की वजह से फलता-फूलता अवैध कारोबार माना जा रहा है।

## आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त थानों में आयोजित की गयी शांति समिति की बैठक



**पन्ना।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को पुलिस थानो/चौकियों में शांति समिति की मीटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशनुसार समस्त थाना/चौकी शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान सभी समाज के प्रबुद्धजनों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने की अपील की गयी। साथ ही आमजन को आगामी त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने की समझाइश दी गयी। मीटिंग के दौरान सभी लोगो के सुझाव सुने गये एवं उचित सुझावों के पालन हेतु आगामी रुपरेखा तय की गयी।

# महिला के ऊपर जमीनी विवाद के कारण प्राणघातक गोली चलाने वाली घटना स्वयं ही प्रशासन के लिये बन रही सबक, जमीनी विवाद के चलते घटित हुई घटना



**पन्ना।** दास्तां जिले की अजयगढ़ थानान्तर्गत ग्राम कुंवरपुर की घटना जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को गोली चलाकर घायल कर दिया गया, आखिरकार दो परिवार जमीनी विवाद के चलते किस तरह से उलझ रहे है यह सामने आ गया आखिरकार इनके विवाद की वजह क्या है यह तो अब महिला के इलाज के बाद ही सामने आयेगा फिलहाल महिला को रीवा मेडिकल कॉलेज के लिये रिफर कर दिया गया है जहां महिला का इलाज होना बताया जा रहा है। मामला राजस्व व पुलिस दोनों को लेकर जुड़ा हुआ है आखिरकार किस तरह के हालात है यह स्पष्टतौर पर इस घटना से जाना जा रहा है। देखना यह है कि आगे सच की सुई की पड़ताल को लकर प्रशासन क्या अभी भी गंभीर होगा जहां 9 व 10 मार्च को अंतर्गराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर 8 मार्च से महिलाओं पर फोकस होता है। महिला शक्ति आत्मनिर्भरता की बात की जाती वहां यह दास्तां झंझोर रही है। थाना प्रभारी से मामले को जानने की कोशिश की गई तो फरियादिया का इलाज होना बताया जा रहा है विवेचना के बाद ही सामने आयेगी हकीकत क्या है जमीनी विवाद क्यों इस हालात तक पहुंचा मामला जहां गोली चलने की घटना कारित हो गई महिला की जान जोखिम के हालात को जिसका इलाज रीवा मेडिकल कालेज में होना बताया जा रहा है। जिले में किस तरह से कानून व्यवस्था व समस्याओं के निदान के हालात है यह भी सामने आ रहा है आखिरकार जमीनी विवाद में पंचायत से लेकर तहासील जिला स्तर तक समय-समय पर जहां समस्या निवारण शिवरों से लेकर जनसुनवाई, सीएम हेल्प लाईन तथा राजस्व विभाग के प्रकरणों को लेकर जहां पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक निदान के लिये कई बार पहल की गई पर यह मामला जो विगत 9 व 10 मार्च को जिले के अजयगढ़ थानान्तर्गत ग्राम कुंवरपुर की घटना जहां श्रीमती अंजु अहिरवार उम्र 35 वर्ष पति रामकिशोर अहिरवार के जमीनी विवाद के चलते यादव परिवार ने गोली चलाकर श्रीमती अंजु अहिरवार को घायल कर दिया है। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद रीवा मेडिकल कॉलेज में इलाज होना बताया जा रहा है। वहीं मामले की वजह जमीनी विवाद बताया जा रहा है आखिरकार आज भी आम आदमी की सुनवाई किस तर्ज पर हो रही है। कहां क्या हालात है यह घटना क्या सबक नहीं दे रही सच्चाई को लेकर आखिरकार जमीनी विवाद को लेकर क्या इस परिवार ने कहीं अपनी फरियाद न की होगी। क्या अचानक इस तरह से गोली चलने की घटना कारित हो गई समस्याओं के निदान को लेकर जहां जिला प्रशासन के मुखिया का पूरा फोकस आम आदमी की समस्या का निदान हो अब देखना यह है कि यहां क्या अजयगढ़ तहसील के ग्राम कुंवरपुर में श्रीमती अंजु अहिरवार जो आज अपनी जान जोखिम के हालात में जिंदगी के लिये जूझ रही है। मामला जमीनी विवाद बताया जा रहा है जिसके चलते अमन यादव पिता मिठाई लाल यादव ने गोली चलाकर उक्त महिला पर इस तरह से घटना कारित की है वहीं 8 मार्च अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के बाद 9-10 मार्च की घटना जो मीडिया की सुर्खियों में आया। जिले के हालात आज भी बल पूर्वक स्वयं का शासन जो आम आदमी पर भारी पड़ रहा है। भले ही आम जनता की समस्याओं के निदान को लेकर जिले में फोकस किया जा रहा है फिर इस तरह के हालात आखिरकार क्यों? जमीनी सच्चाई कहीं न कहीं अभी भी जिला प्रशासन के मुखिया की सोच से हट कर मानी जा रही है वहीं किस तरह के हालात है जहां लोगों को कानून का भय नहीं। सीधे गोली चलाने की घटना कारित कर दी गई जिससे यहां यह भी साबित हो रहा है कि कहीं न कहीं अभी भी जमीनी स्तर पर लोग रौब दिखाकर बल पूर्वक आम आदमी के ऊपर अपना शासन रखना उचित मान रहे है। आखिरकार पुलिस प्रशासन का भी भय नहीं बल्कि अब हालात इस तरह की घटना स्वयं ही साबित कर रही है। कानून का पालन कराने को लेकर जहां प्रशासन की दास्तां स्वयं ही जमीनी स्तर पर कहीं न कहीं दयनीय हालात में है। तभी तो इस तरह से हौसले बुलंद माने जा रहे है और आम आदमी उसका खामियाजा भुगतने को लेकर माना जाता है। जो यहां श्रीमती अंजु अहिरवार अपनी जिंदगी और मौत को लेकर जूझ रही है। देखना यह है कि प्रशासन क्या इस घटनाा से जागेगा। क्या है जमीनी हालात क्या भी भी गुंडाराज।

## कल्दा पठार के श्याम गिरी पठार में घने जंगलों से अदृश्य धारा से निकल कर बहता है झरना



**पन्ना।** श्याम गिरी पंचायत भवन के समीप एक प्राचीन झरना स्थिति है यह झरना जमीन के अंदर ही अंदर लिप्त धारा में होकर आता है और गौमुख स्थिति कुंड में बारह मास बहता है इस झरने से निकलने वाली धारा कभी भी भीषण गर्मी के मौसम में भी कम नहीं होती है है इस झरने से निकलने वाली जल धारा का पानी भी अति मिठास भरा एवं साफ सुथरा है। इस्थानीय बुजुर्ग लोगों ने बताया की यह छोटा झरना बहुत प्राचीन है जो जमीन के अंदर से अदृश्य होकर उक्त स्थान पर निकलता है इस झरना को देखने दूर दूर से लोग देखने आते हैं पन्ना जिले के बड़े अफसर अधिकारी भी देख गये है उक्त स्थान पर पवई पूर्व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने एक घाट का भी निर्माण कराया था जो आज भी सलामत रूप से स्थिति है।

## खबर संक्षेप

### कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शिनी का 16 को

छतरपुर। परियोजना संचालक (आत्मा) किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शिनी का आयोजन रविवार 16 मार्च 2025 को चौपरिया सरकार मंदिर के पास सागर रोड विकासखंड बड़ामलहरा में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें कृषि विज्ञान मेला कार्यक्रम के साथ साथ विभागीय विकास कार्यों की प्रदर्शिनी भी लगाई जाएगी।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मिलेगी 1.45 लाख की सहायता राशि

छतरपुर। म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 4 लोगों को बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से हितग्राहियों को 1.45 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही सुमनलता पाठक पति अशोक कुमार पाठक निवासी ग्राम परसनिया तह. चंदला को 30 हजार रूपए, प्रीति अहिरवार पिता मनोज अहिरवार ग्राम पचवारा नौगांव को 45 हजार रुपए, अंकुश लोधी पिता माखन सिंह लोधी निवासी ग्राम घोघरा को 35 हजार रुपए एवं रामदास साहू पिता नाथुवा साहू निवासी ग्राम कराठा तह. नौगांव जिला छतरपुर को 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 7 अज्ञात सहित 16 फरार आरोपियों पर घोषित हुआ इनाम

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने छतरपुर जिले के अंतर्गत 7 अज्ञात सहित 16 फरार आरोपियों पर 39 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। जो अपराध घटित करने के बाद से फरार है। आरोपी हासिम खान पिता बाबू खान उम्र 26 साल निवासी ग्राम ईशानगर थाना ईशानगर में पंजीबद्ध अपराध पर 5 हजार, शिवम सिंह चंदेल, कुक्कू ठाकुर, चारु, श्याम बिहारी कुशवाहा, अंकित महाराज समस्त निवासी बगौता थाना सिविल लाइन पर 3 हजार, विनोद रैकवार निवासी इमलया बमीठा थाना खजुराहो पर 3 हजार, विनय तिवारी उर्फ वसीम उर्फ कट्टा, पप्पू उर्फ अलखराम राजपूत निवासी ग्राम कुडार जिला महोबा उ.प्र. थाना नौगांव पर 5 हजार, थाना गौरिहार में पंजीबद्ध अपराध में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना गुलगंज में 1अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रुपए, थाना अलीपुरा में।

### दिवंगत लोगों के परिवार को मिलेगी आर्थिक सहायता

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले के छतरपुर एवं बड़ामलहरा अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार सड़क दुर्घटना में दो मृतकों के निकटतम वारिस को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। ग्राम सड़वा तहसील बड़ामलहरा निवासी मृतक लछन उर्फ लक्षमन के निकटतम वारिस पत्नि मीरा कुशवाहा एवं निवासी ग्राम महाराजगंज तहसील छतरपुर अंतर्गत मृतक अजय पटेल के निकटतम वारिस पत्नि किरन पटेल को 15-15 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### अब 21 मार्च को होगा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का कार्यक्रम

छतरपुर। आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल म.प्र. के आदेशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 14 मार्च 2025 को होली अथवा धुरेंडी के त्यौहार का अवकाश होने से आयोजन की तैयारियों में कठिनाई, आयोजन में प्रतिभागियों एवं उपभोक्ताओं की सहज उपलब्धता की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए अब 21 मार्च 2025 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया जाएगा। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष छतरपुर में दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उपभोक्ता जागरूकता विषयों पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संगोष्ठी, कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

---

**ब्लैकमेलिंग और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर**

# टीआई कुजूर आत्म हत्याकांड में आशी राजा और सोनू ठाकुर की रिमाण्ड मिली



छतरपुर। पिछले 6 दिनों से छतरपुर सहित पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बने टीआई अरविंद कुजूर आत्महत्या मामले में लंबी विवेचना और दर्जन भर से अधिक संदेहियों से पूछताछ के बाद बुधवार को शहर के ओरछा रोड थाना में प्रमुख संदेही आशी राजा और उसके साथी सोनू ठाकुर पर आत्महत्या के लिए उकसाने, जबरन वसूली और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ ही दोनों आरोपियों को शाम करीब 5 बजे विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट उपेंद्र प्रताप सिंह के न्यायालय में पेश किया गया जहां से पुलिस को दोनों आरोपियों की एक दिन की रिमाण्ड मिली है साथ ही दोनों आरोपियों का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण भी किया गया। छतरपुर की नवागत एएसपी विदिता डागर ने बताया कि टीआई अरविंद कुजूर द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में दो दिन पहले आशी राजा और उसके साथी सोनू ठाकुर को पकड़ा गया था। दोनों से पूछताछ करने के बाद जो तथ्य सामने आए, उस आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। एएसपी ने बताया कि आशी राजा और उसके साथी सोनू ठाकुर द्वारा टीआई अरविंद कुजूर को आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और बलात्कार का मामला दर्ज कराने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। इसी से तंग आकर 6 मार्च को टीआई कुजूर ने पेप्टेक टाउन कॉलोनी में स्थित अपने किराए के मकान में सर्विस पिस्टल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि आशी राजा परमार निवासी बिजावर और सोनू उर्फ मंगल सिंह राजा निवासी ग्राम हटवाहा, थाना पिपट दोनों जिला जिला-छतरपुर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108, 308(6), 308(7), 3(5), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) 3(2)(वी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं डीपीओ प्रवेश अहिरवार ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपियों को विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया जहां तीन दिन की रिमाण्ड मांगी गई थी लेकिन न्यायाधीश द्वारा एक दिन ही रिमाण्ड दी गई है।

---

**डीजे और गाजे-बाजे के साथ निकली अर्थी**

# चर्चा का विषय बनी 114 वर्षीय महिला की शव यात्रा

छतरपुर। बुधवार को जिला मुख्यालय पर निकली एक शव यात्रा इसलिए चर्चा का विषय बन गई क्योंकि शव यात्रा में डीजे के साथ गाजे-बाजे बज रहे थे। दरअसल शहर के बस स्टैंड के पास रहने वाले सुंदर लाल राय की 114 वर्षीय मां मुन्नी देवी का बुधवार को निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार ने उनकी अंतिम यात्रा डीजे और गाजे-बाजे के साथ निकाली।

सुंदर लाल राय ने बताया कि उनके पिता केदारी लाल राय का करीब 70 वर्ष पहले निधन हो गया था। पूरे परिवार को पालने-पोषने वाली उनकी मां मुन्नी देवी का जीवनकाल 114 वर्ष रहा और उन्होंने पुत्र-पुत्रियों के साथ-साथ नाती-पोतों तक का विवाह देख लिया। उनकी सफल जीवन यात्रा संपन्न होने के कारण ही परिवार ने उन्हें डीजे और गाजे-बाजे के साथ अंतिम विदाई देने का निर्णय लिया। सुंदर लाल राय के निवास से महोबा रोड के मुक्तिधाम तक उनकी शव यात्रा निकली और इसके बाद उन्हें मुखाग्नि दी गई। सुंदरलाल राय ने यह भी बताया है कि 22 मार्च को मां की त्रयोदशी के दिन ब्राह्मण भोज के साथ-साथ कटनी के कलाकारों की भजन संध्या भी उनके निवास पर आयोजित होगी।



---

# नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों पर हुई कार्रवाई



छतरपुर। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी अनधिकृत हूटर, अनधिकृत पदनाम , बगैर नंबर के वाहनों और आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा नशे में वाहन चलाने वाले, समूह बनाकर वाहन चलाने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाने के निर्देशों का पालन करते हुए बुधवार को जिला मुख्यालय पर यातायात प्रभारी द्वारा आकाशवाणी तिराहे पर बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म, हूटर सहित अन्य प्रकार से नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि सघन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, अनधिकृत तरीके से हूटर वाले दर्जनों वाहनों का चालान काटकर 20000 रुपए समन शुल्क वसूला गया है। उन्होंने बताया कि नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है, ब्रेथ एनालायजऱ के माध्यम से निरंतर जांच की जा रही है। उन्होंने सभी से अपील की है कि अनधिकृत हूटर, पदनाम प्लेट आदि का इस्तेमाल अपने वाहनों पर न करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# बुंदेली लोकनृत्य राई के नाम रही महाशिवरात्रि महोत्सव की तीसरी शाम

खजुराहो




नगर की पाहिल वाटिका के मुक्ताकाशी मंच पर चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव की तीसरी शाम बुंदेली लोकनृत्य राई के नाम रही। योगेन्द्र राजा नदया, कालीचरण दुबे उर्फ कल्लू, मुरलीधर कारपेंटर उर्फ कल्लू और सरदार सिंह की टीम ने बुंदेली राई की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों दर्शक आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के दौरान गाइड एसोसिएशन के बालवीर गौतम, रवि मिश्रा, होटल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश तिवारी, ट्रैवल एजेंट, सितार वादक बलराम शुक्ला, जीतेन्द्र लवानिया तथा राजेश मेडिकल की संचालिका श्रीमती ओमवती गुप्ता सहित जैन समाज के सदस्य उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज के सदर रमजान खान सहित अन्य सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

---

# लापता बालिकाओं को बनारस से खोज लाई पुलिस



छतरपुर। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत ओरछा रोड थाना और प्रकाश बम्हौरी थाना पुलिस द्वारा लापाता बालिकाओं की खोजकर उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है। बताया गया है कि ओरछा रोड थाना पुलिस ने 3 दिन पहले गुम हुई बालिका को दस्तयाब किया है कि जबकि प्रकाश बम्हौरी थाना पुलिस माह फरवरी में गुम हुई बालिका को उत्तरप्रदेश के बनारस शहर से खोजकर घर वापिस लाई है। उल्लेखनीय है कि जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम, अपहत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। 1 जनवरी 2025 से अभी तक गुम हुए करीब 110 बालक बालिकाएं दस्तयाब की गई हैं।

---

# कलेक्टर ने की सनसनीखेज अपराधों एवं नारकोटिक्स की समीक्षा



छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला न्यायालय अंतर्गत लंबित चिन्हित जघन्य सनसनीखेज गंभीर अपराधों एवं नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, नवागत एएसपी विदिता डागर, डीपीओ प्रवेश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में न्यायालय में विचाराधीन एवं विवेचना में लंबित एवं चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराधों के केसेस की समीक्षा की गई। इस दौरान एडीपीओ द्वारा विस्तार से अपराधों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने नार्कोटिक्स एक्ट के प्रकरणों में जब्तशुदा माल की विनष्टीकरण की कार्यवाही समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान आयोजन के संबंध में जागरूकता के लिए बोर्ड प्रदर्शन, स्लोगन लेखन आदि कार्य करने के निर्देश दिए।

---

# रहवासी इलाके में विस्फोट होने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**गढ़ीमलहरा। बुधवार की सुबह करीब 7 बजे नगर के रहवासी इलाके में विस्फोट होने से हड़कंप मच गया। विस्फोट की जानकारी मिलने के बाद एसडीओपी सहित थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था, जो मामले की जांच में जुटा हुआ है।**



प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर की भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पास धमाका हुआ था, जिसके बाद पूरे इलाके में कुछ समय के लिए सन्नाटा छा गया। जानकारी मिलने के बाद नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम गढ़ीमलहरा थाने का पुलिस बल और एफएसएल टीम लेकर मौके पर पहुंचे। विस्फोट कैसे हुआ इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है। घटना स्थल का बरीकी से निरीक्षण करने पर यह बात सामने आई है कि किसी व्यक्ति के द्वारा उक्त विस्फोटक एक सीसी के अंदर पॉलीथिन में छिपाकर रखा गया था और इसे बिजली के तारों से जोड़ा गया था। जिस वक्त ब्लास्ट हुआ उस वक्त पास में एक महिला राजकुमारी कुशवाहा थी, जो बाल-बाल बच गई है। एसडीओपी अमित मेश्राम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

---

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक-दूसरे के हुए 10 जोड़े

## मारुति मानस संघ ने 8वीं बार आयोजित किया कार्यक्रम



हरपालपुर। नगर के बारिया धाम रामलीला मैदान में बुधवार को मारुति मानस संघ द्वारा 8वां सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 11 गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह कराए जाने थे लेकिन किसी कारणवश एक बेटी का विवाह निरस्त करना पड़ा। शेष 10 जोड़ों का धूमधाम से विवाह संपन्न कराया गया। आयोजन समिति द्वारा बेटियों का विवाह कराने के बाद विदाई के समय उन्हें अपनी ओर से विभिन्न उपहार भी प्रदान किए गए। जयमाल कार्यक्रम से पूर्व नगर में अनोखी बारात निकाली गई थी, जिसमें सबसे आगे पालकी में सवार लड्डू गोपाल चल रहे थे और उनके पीछे ई-रिक्शा पर सवार दूल्हे। वहीं डीजे पर बज रहे गीतों की धुन पर बाराती नाचते हुए निकले। बारात हरिहर रोड, मैन रोड, ठंडी सड़क होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची, जहां जोड़ों की जयमाला हुई। तदोपरांत हिंदू रीति-रिवाज से सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मारुति मानस संघ द्वारा आयोजित इस सराहनीय आयोजन में नगर के समाजसेवियों ने भी सहयोग किया। मारुति मानस संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल व सचिव राजीव अग्रवाल ने बताया कि सभी जोड़ों को उपहार स्वरूप घरेलू सामान, आभूषण, कपड़े, पलंग, अलमारी, पंखा, कुर्सी, सहित अन्य सामग्री भेंट किए गए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए सभी का आभार जताया है।

---

# पड़रिया में आयोजित हुआ आयुष मेगा शिविर



छतरपुर। बुधवार को जिले के आयुष ग्राम पड़रिया में आयुष मेगा शिविर का आयोजन, जिला आयुष अधिकारी डॉ निर्मला कुशवाहा के निर्देशानुसार किया गया। शिविर में एएमओ डॉ नितिन पांडेय और सीएएमओ डॉ अंगूरी चौधरी ने कुल 165 मरीजों का उपचार किया, जिसमें 65 पुरुष, 75 महिलाएं और 25 बच्चे मौजूद रहे। इसके अलावा शिविर में उपस्थित लोगो को आयुर्वेद का महत्त्व बताकर इसके बारे में जानकारी दी गई। औषधीय पौधों के बारे में भी विस्तार से बताकर आयुष देवारण्य योजना के बिंदुओं पर चर्चा हुई।

---

# कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की गेंहू उपार्जन तथा पेयजल की समीक्षा
# खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें - कमिश्नर

**खराब हैण्डपंपों और नलजल योजनाओं के सुधार का अभियान चलाएं - कमिश्नर**

सिंगरौली



रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों में गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का निर्धारण एक सप्ताह में कर दें। सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, शौचालय, ठहरने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। खरीदी से जुड़ी जानकारी के फ्लैक्स केन्द्र में लगवाएं। गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा असमय वर्षा से बचाव की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र गोदाम स्तरीय बनाने को प्राथमिकता दें। खरीदी की निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर के अधिकारी तैनात करें। कमिश्नर ने कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी सभी जिलों में गेंहू की अनुमानित मात्रा के अनुसार उपार्जन के लिए बारदानों को 20 मार्च तक अनिवार्य रूप से भण्डारण करा दें। संभाग के सभी जिलों में फसल की स्थिति को देखते हुए उपार्जन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। गत वर्ष के उपार्जन के आधार पर शासन को एक अप्रैल से उपार्जन शुरू करने के संबंध में प्रस्ताव भेजें। सभी खरीदी केन्द्रों में तौलकांटे, छन्ने, हम्माल की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गोदामों में भण्डारित धान का मिलर्स द्वारा उठाव कराकर 25 मार्च तक गेंहू उपार्जन के लिए गोदामों में व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय बैठक में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के शत-प्रतिशत ई केवाईसी के निर्देश दिए गए थे। सभी कलेक्टर 28 मार्च तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि इस वर्ष अभी से तापमान लगातार बढ़ रहा है। जल स्तर गिरने के कारण बड़ी संख्या में हैण्डपंप बंद हो रहे हैं। राइजर पाइप लगाकर हैण्डपंपों को चालू कराएं। जहाँ आवश्यक हो सिंगल फेज मोटर से भी पानी की आपूर्ति कराएं। सभी कलेक्टर खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं को चालू कराने के लिए विशेष अभियान चलाएं। कलेक्टर पेयजल व्यवस्था की हर सप्ताह समीक्षा करें। हर बसाहट में गर्मियों में पेयजल की आपूर्ति अनिवार्य रूप से बनी रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए भी जिला और विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बना दें। पीएचई विभाग की एकल नलजल योजनाओं का कार्य 31 मार्च तक पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। सभी नगरीय निकायों तथा विकासखण्डों से पेयजल के संबंध में नियमित रूप से जानकारी लें। जन सुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन में भी पेयजल व्यवस्था के संबंध में दर्ज शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने जिले में गेंहू उपार्जन तथा पेयजल व्यवस्था की जानकारी दी। संयुक्त संजीव पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कलेक्ट्रेट के एनआईसी से व्हीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

---

# एनसीएल की सीडबल्यूएस इकाई ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संविदा कर्मियों हेतु लगाया निः शुल्क क्षय रोग जाँच शिविर

सिंगरौली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम के प्रयासों को बढ़ाने के लिए 100 दिवसीय टीबी पहचान एवं उपचार अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत देशभर में टीबी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई ने गत मंगलवार को 'टीबी मुक्त भारत अभियान एवं '100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान' के तहत संविदा कर्मियों हेतु नि शुल्क क्षय रोग जांच शिविर का आयोजन किया। यह स्वास्थ्य शिविर क्षय रोग (टीबी) की रोकथाम और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस दौरान सीडब्ल्यूएस की मेडिकल टीम द्वारा उपस्थित सभी को टीबी संबन्धित लक्षणों के आधार पर जांच की गयी। इस दौरान लगभग 100 संविदा कर्मियों ने टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवायी। इसके अतिरिक्त टीबी स्क्रीनिंग कैंप में चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित सभी को क्षय रोग से संबंधित, लक्षणों और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही टीबी रोकथाम हेतु शीघ्र निदान, समय पर उपचार और जनभागीदारी के बारे में भी उपस्थित सभी को जागरूक किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में टीबी उन्मूलन एवं रोकथाम हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, जांच शिविर एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---


## कार्यालय, नगर परिषद खजुराहो, जिला - छतरपुर (म.प्र.)

No./NPk/Uadd/e-tendering/2025 382 — Dated: 11/03/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

म.प्र. शासन अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से फार्म "बी" में ई टेण्डरिंग कि माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु आईटम दरो की ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में किसी तरह का संसोधन होने पर बेबसाईट में सुधार करवा दिया जायेगा समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं करवाया जावेगा। दरे बगैर जी.एस.टी के प्रस्तुत की जावे, जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय होगा।

| स. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित प्राक्कलन की राशि | धरोहर राशि | समय अवधि | निविदा फार्म का शुल्क | पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वितीय वर्ष 2025-26 के लिये वृक्षरोपण कार्य हेतु विभिन्न प्रजातियो के वृक्षो एवं घास आदि की दर आमंत्रण कार्य । टे. नं. 2025_UAD_409084_1 | 1000000/- | 10000/- | 12 माह | 2000/- | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत नर्सरी / संस्था |
| 02 | वितीय वर्ष 2025-26 के लिये निर्माण सामाग्री एवं मशीनरी आदि की दर आमंत्रण कार्य । टे. नं. 2025_UAD_409087_1 | 1500000/- | 11500/- | 12 माह | 2000/- | Centralised PWD registration |

निविदा फार्म दिनांक 13.03.2025 से 18.04.2025 तक बेबसाईट (http://mptenders.gov.in ) पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगें विस्तृत निविदा सूचनार्थ अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद खजुराहो
जिला छतरपुर (म.प्र.)

# कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की गेंहू उपार्जन तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

# खराब हैण्ड पंपों और नलजल योजनाओं के सुधार का अभियान चलाएं - कमिश्नर

रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों में गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का निर्धारण एक सप्ताह में कर दें।



रीवा।

सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, शौचालय, ठहरने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। खरीदी से जुड़ी जानकारी के फ्लैक्स केन्द्र में लगवाएं। गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा असमय वर्षा से बचाव की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र गोदाम स्तरीय बनाने को प्राथमिकता दें। खरीदी की निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर के अधिकारी तैनात करें। कमिश्नर ने कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी सभी जिलों में गेंहू की अनुमानित मात्रा के अनुसार उपार्जन के लिए बारदानों को 20 मार्च तक अनिवार्य रूप से भण्डारण करा दें। संभाग के सभी जिलों में फसल की स्थिति को देखते हुए उपार्जन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। गत वर्ष के उपार्जन के आधार पर शासन को एक अप्रैल से उपार्जन शुरू करने के संबंध में प्रस्ताव भेजें। सभी खरीदी केन्द्रों में तौलकांटे, छन्ने, हम्माल की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गोदामों में भण्डारित धान का मिलर्स द्वारा उठाव कराकर 25 मार्च तक गेंहू उपार्जन के लिए गोदामों में व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय बैठक में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के शत-प्रतिशत ई केवाईसी के निर्देश दिए गए थे। सभी कलेक्टर 28 मार्च तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि इस वर्ष अभी से तापमान लगातार बढ़ रहा है। जल स्तर गिरने के कारण बड़ी संख्या में हैण्डपंप बंद हो रहे हैं। राइजर पाइप लगाकर हैण्डपंपों को चालू कराएं। जहाँ आवश्यक हो सिंगल फेज मोटर से भी पानी की आपूर्ति कराएं। सभी कलेक्टर खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं को चालू कराने के लिए विशेष अभियान चलाएं। कलेक्टर पेयजल व्यवस्था की हर सप्ताह समीक्षा करें। हर बसाहट में गर्मियों में पेयजल की आपूर्ति अनिवार्य रूप से बनी रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए भी जिला और विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बना दें। पीएचई विभाग की एकल नलजल योजनाओं का कार्य 31 मार्च तक पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। सभी नगरीय निकायों तथा विकासखण्डों से पेयजल के संबंध में नियमित रूप से जानकारी लें। जन सुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन में भी पेयजल व्यवस्था के संबंध में दर्ज शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में गेंहू उपार्जन तथा पेयजल व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा उपार्जन से जुड़े अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर कार्यालय सभागार से संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कोचिंग जा रहे छात्रों को सड़क पर तेज रफ्तार बोलेरो ने लिया चपेट में, एक की मौत

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिछिया पुल के पास सोमवार की शाम करीब 6.30 बजे बाइक सवार छात्रों को बोलेरो ने अपनी चपेट में ले लियाा। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरे का गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में उपचार चल रहा है। छात्र कोचिंग से वापस घर जा रहे थे। घटना के बाद घायल छात्रों को स्थानीय लोगों ने संजय गांधी अस्पताल पहुंचा जहां एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि घटना के बाद पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है, वहीं चालक मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अभिषेक पांडे और विमल द्विवेदी निवासी ग्राम कुठलिया से कोचिंग पढने शहर आए हुए थे जहां से वह शाम तकरीबन 6.30 बजे वापस घर जा रहे थे, जैसे ही वो बिछिया पुल के पास पहुंचे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मारी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अभिषेक पांडे पिता चंद्रमणि पाण्डेय 17 वर्ष निवासी कुठलिया की मौत हो गई वहीं घायल विमल का उपचार चिकित्सकों द्वारा संजय गांधी अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक के शव को पीएम उपरांत मंगलवार को परिजनों को सौप दिया गया। पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटना कारित करने वाली बोलेरों को जब्त कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### हैण्डपंपों के सुधार के लिए ग्रामवासी दे सकते हैं मोबाइल पर सूचना

**रीवा ।** लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने तथा तथा बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए सहायक यंत्री एवं निर्माण एजेंसी को तैनात किया गया है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि हैण्डपंप सुधार के लिए ग्रामवासी सहायक यंत्री, उपयंत्री अथवा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को फोन के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। सुधार योग्य हैण्डपंप में तत्काल सुधार किया जाएगा। यदि तीन दिवस के अंदर हैण्डपंपों में सुधार नहीं होता है तो संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी सहायक यंत्री को अवगत कराएं। हैण्डपंप में यदि सात दिवस में आवश्यक सुधार नहीं हुआ तो निर्माण एजेंसी पर दो सौ रुपए प्रतिदिन का जुर्माना भी किया जा सकता है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि विकासखण्ड रीवा में हैण्डपंप सुधार के लिए मेसर्स रामकिंकर त्रिवेदी मोबाइल नम्बर 9993899193 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड में सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790, उप यंत्री रूचि तिवारी मोबाइल नम्बर 8429626580 तथा उप यंत्री प्राची सिंह मोबाइल नम्बर 9009833231 को तैनात किया गया है।

### केन्द्रीय जेल का किया गया औचक निरीक्षण

**रीवा ।** महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं जीपी सिंह द्वारा गत दिवस केन्द्रीय जेल रीवा का औचक निरीक्षण किया गया । महानिदेशक द्वारा रीवा सर्किल के अंतर्गत आने वाली जेलों के प्रभारियों की समीक्षा बैठक भी ली गई। महानिदेशक जेल द्वारा केन्द्रीय जेल के समस्त कार्यालयों, बंदी वार्डों, जेल अस्पताल, कारखाना, महिला वार्ड समेत अन्य वार्डों का भ्रमण कर जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सी.सी.टी.व्ही. कन्ट्रोल रूम, इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग एवं बंदियों की उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया गया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे में पूंछा। उन्होंने केन्द्रीय जेल की स्वच्छता एवं प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना की। अतिसंकुलता को दृष्टिगत रखते हुये जेल के पृथक सेक्टर में चल रहे बैरक निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक, रविशंकर सिंह कार्यवाहक जेल अधीक्षक, जिला जेल सीधी. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी प्रभारी जेल अधीक्षक जिला जेल बैढ़न, संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक (प्रशासन), योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक, शशांक कुमार सिंह सहायक जेल अधीक्षक सब जेल त्योंथर, राकेश कुमार मिहोरिया सहायक जेल अधीक्षक सब जेल मऊगंज, श्रीमती पूजा मिश्रा सहायक जेल अधीक्षक एवं हेमंत रावत सहायक जेल अधीक्षक के साथ समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित रहा ।

## बैटरी खरीदी में भ्रष्टाचार, तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सप्लायर सहित चार पर मामला दर्ज, ईओडब्ल्यू की कार्रवाई

### टोंस परियोजना के अधिकारियों ने बाजार दर से तीन गुना दाम पर की थी खरीदी

**रीवा।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के टोंस जल विद्युत परियोजना सिरमौर में सामग्री खरीदी में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में जिम्मेदारों पर एफआइआर दर्ज की गई है। राज्य आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने जांच के बाद यह कार्रवाई है, अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ की कंपनी से मिलकर 7 हजार की बैट्री 24 हजार में खरीदी। करीब 18 लाख से अधिक का घोटाला किया। बैट्री घोटाले में ईओडब्ल्यू रीवा ने तीन अधिकारियों सहित कोरबा की कंपनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। बता दे कि टोंस परियोजना में 2016 में एक्ससाइड कम्पनी की 110 बैटरी खरीदी के लिए निविदा बुलाई गई थी। जांच में पाया गया कि एकल निविदा प्राप्त होने पर भी निविदाकार मेसर्स अशोक इलेक्ट्रिकल्स एंड हार्डवेयर कोरवा छत्तीसगढ़ को अनुचित रूप से स्वीकृति दी गई। पावर जनरेटिंग कंपनी सिरमौर रीवा के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य अभियंता जवाहरलाल दीक्षित एवं अन्य लोगों द्वारा बाजार दर से 3 गुना अधिक दाम पर बैटरियां खरीदकर 18.74 लाख 495 रुपए का गबन एवं भ्रष्टाचार करना पाया गया। इस पर ईओडब्ल्यू ने 4 लोगों पर धारा 420, 409, 120 बी, भादवि 13 1, 13 2 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। 7325 रुपए की बैटरी का 24415 हजार भुगतानटोंस परियोजना सिरमौर में अधिकारियों ने इस कदर भ्रष्टाचार किया कि एक्साइड कंपनी की 7325 रुपए की बैटरी 24415 रुपए में खरीदी। निविदा समिति ने इसके लिए अनुमति भी दे दी। जबकि समिति को यह जानकारी थी कि एक नग बैटरी की कीमत इतनी अधिक नहीं है, जितनी राशि में खरीदी जा रही है। इस तरह 110 बैटरी की खरीदी में फर्जीवाड़ा करते हुए 26.85 लाख रुपए का भुगतान कर 18.74 लाख रुपए का भ्रष्टाचार किया। जबकि वास्तविक कीमत के अनुसार कुल भुगतान 8.11 लाख रुपए करना था।इन पर प्रकरण दर्जईओडब्ल्यू में तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य अभियंता पावर जनरेटिंग कंपनी सिरमौर जवाहर लाल दीक्षित, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता टोंस जल विद्युत परियोजना इन्द्रिय दमन कौशिक, तत्कालीन सहायक यंत्री नितिन मिश्रा एवं अशोक इलेक्ट्रिकल्स एंड हार्डवेयर कोरबा के प्रोपराइटर गौरव मोदी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## बघवार-गोविंदगढ़ ट्रेक पर 110 की स्पीड का हुआ ट्रायल, संरक्षा आयुक्त ने रेलवे ट्रैक की जांची सुरक्षा व्यवस्था, सीधी के लोगों में हर्ष

रीवा



रीवा -सिगरौली रेल परियोजना का एक और चरण पूरा हो गया है। मंगलवार को गोविंदगढ़ से बघवार तक बिछाए गए रेलवे ट्रैक का निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त मध्य बृत्त मुम्बई मनोज अरोरा ने किया। इस दौरान रेलवे ट्रैक पर 110 किमी की गति से ट्रेन दौड़ाई गई। टैंक को रेलवे के उपयोग के लायक पाया गया। निरीक्षण के दौरान संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े सभी उपकरणी ओएचई स्वइन, मिम्मलिंग और अन्य तकनीकी पहलुओं का भी परीक्षण किया गया। बता दे कि सीआरएस मंगलवार की दोपहर विशेष सैलून मंगलवार दोपहर सतना स्टेशन शन पहुंचे। फिर फिर सड़क मार्ग से सीआरएस का विशेष कार्यदल गोविंदगढ़ स्टेशन आया। यहां से बघवार तक सीआरएस ने नवीन रेललाइन का बारीकी से मुआयना किया। साथ ही, छुहिया घाटी की रेल टनल का भी जायजा लिया। अब सीआरएस द्वारा रेलवे बोर्ड के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी, जिसके बाद बोर्ड द्वारा इस रेलमार्ग पर ट्रेन चलाने की स्वीकृति दी जायेगी। ऐसा पहली बार है जब सीधी जिले के बधवार तक रेलगाड़ी पहुंची है। इस दौरान सीआरएस के साथ पमरे मुख्यालय से एम.एस. हाशमी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एवं निर्माण विभाग व अन्य रेल सुरक्षा संबंधी विभागों के अधिकारी तथा जबलपुर मंडल से अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) जयप्रकाश सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रिंस विक्रम, सीनियर डीए सटीई आलोक तिवारी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अमित साहनी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक 2 शशांक गुप्ता, मंडल अभियंता (उत्तर) मंटू कुमार, एवं अन्य शाखा अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। आयुक्त ने समपार फाटक नंबर 24 सी के हाइट गेज, वेक रेल गेट पर बने पैनल का निरीक्षण करते हुए उसमें कार्य करने वाले गेटमैन से चर्चा की। साथ ही 3.5 किमी की टनल का निरीक्षण करते हुए उसके मेजरमेट, लाइटिंग, ट्रैक एलाइनमेंट का निरीक्षण एवं टनल में ऑक्सीजन के लेकर एग्जास्ट महीन का भी निरीक्षण किया। अरोरा ने गोबिंदगढ़ के साथ-साथ बघवार स्टेशन के यार्ड का भी निरीक्षण किया।मोटर ट्रॉली से किया पॉइंटों का अवलोकनइस निरीक्षण के बाद ऐसा माना जा रहा है कि अंतिम मार्च तक नई रेल लाइन पर रेल सेवा शुरू हो जावेगी। जबलपुर डीआरएम के बाद रेल सुरक्षा आयुक्त के विजिट से इस बात मे सच्चाई दिखाई दे रही है, मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री अरोरा ने गोविंदगढ़ से बघवार का मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया गया जिसमें पॉइंट नंबर 115 बी एवं रेलवे क्रॉसिंग तथा पॉइंट नंबर 102 बी का निरीक्षण करते हुए स्लीपर स्पेसिंग गैप, रेलवे ट्रैक, ब्रिज एवं उसकी मैपिंग को देखा। रेलवे ब्रिज के स्पान एवं बघवार स्टेशन के क्रॉसओवर, टर्न आउट, क्रॉसिंग, चेक रेल, टर्नआउट गेज और रेलखण्ड पर बने लेवल क्रासिंगों का निरीक्षण किया। गोविंदगढ़ स्टेशन की क्रॉसओवर, टर्न आउट, क्रॉसिंग, गेज, हाउसिंग का निरीक्षण करते हुए गोविंदगढ़ स्टेशन का भी निरीक्षण किया। बधवार से गोविंदगढ़ रेल लाइन का 110 स्पीड का सफल ट्रायल भी किया गया। उन्होंने उक्त स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य के मॉडल एवं ले आउट प्लान के पहलुओं का अवलोकन किया।बॉक्स 80 किमी की ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइनललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन की कुल दूरी 540 किमी है। इसमें सीधी से सिगरौली में 80 किमी रेलवे ट्रैक निर्माण होना है। गोविंदगढ़ से बाघवार तक 14 किमी टैंक का निर्माण पूरा हो चुका है। सीधी में एक गांव को छकर में भूमि अधिग्रहण शेष की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, जबकि सिंगरौली में अभी भू अधिग्रहण का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जिसके कारण ऐसा माना जा रहा है कि इसी पेज फंसे होने के कारण देरी हो रही है।

## बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

# पैदल मार्च निकालकर एसजीएमएच परिषद में विराजमान बजरंगबली को सौंपा ज्ञापन



रीवा ।

संजय गांधी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के साथ हो रही अभद्रता के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया है, मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह वरिष्ठ नेता विनोद शर्मा अरुण तिवारी मुन्नू ने नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बिगड़ी हुई स्वास्थ्य व्यवस्था व रीवा जिले में संजय गांधी अस्पताल जिला अस्पताल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हो रहीं व्यापक गड़बड़ियां एवं संजय गांधी अस्पताल में अवैध वसूली एवं परिवार जनों से मारपीट को तत्काल बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर विवेकानंद पार्क से पैदल मार्च रैली निकाल नारेबाजी करके हुए संजय गांधी परिसर में स्थित भगवान बजरंगबली को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा, प्रदेश में बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था व रीवा में संजय गांधी अस्पताल, जिला अस्पताल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में व्यापक गड़बडियो, भ्रष्टाचार, अमानक दवाइयों का वितरण, आवश्यक मशीन उपलब्ध होने के बावजूद निजी पैथोलॉजी एवं जांच केन्द्रों व दवा दुकानों में परीक्षण के लिए भेजना, निजी अस्पतालों में बीमार व्यक्तियों को डॉक्टरों द्वारा भेजे जाने के साथ ही आए दिन मरीजों एवं अटेंडर के साथ मारपीट की घटनाएं हो रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के पास है। यह रीवा के विधायक भी है, उनके शहर में ऐसी अराजक स्थिति है। इस कारण कांग्रेस पार्टी जनता के हितों को लेकर आगे भी विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान लालमणि पांडेय, सुभाष तिवारी, डॉ संजय गौतम, सीमा सिंह, प्रभा, ममता तिवारी, राखी पांडेय, विजयालक्ष्मी, मनोज शुक्ला, अरविंद,तिवारी, संघर्ष पांडेय, राजेंद्र तिवारी, छोटेलाल रजक, नरेंद्र शुक्ला, तुलसीदास शर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, अमित त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

## दो ट्रकों के बीच हुई भीषण टक्कर, वाहन चालक घायल

मऊगंज



जिले के नेशनल हाईवे मार्ग मेहनुमना के पास मसुरिहा बाईपास के पास विपरीत दिशा से आ रहे हैं दो ट्रकों के बीच सीधी टक्कर हो जाने के कारण दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए वहीं एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बीती देर रात दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर से अफरा तफरी का माहौल हो गया। आसपास के लोग दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। हनुमना थाना पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से घायल ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।सड़क हादसे के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मसुरिया बाईपास के पास विपरीत दिशा से जा रहे ट्रक क्रमांक यूपी 63 ए टी 0199 और एमपी 04 जीआर 4581 के बीच सीधी टक्कर हो गई। जिसके कारण एक ट्रक का चालक धन सिंह उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ट्रक चालक को उपचार हेतु स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने उपचार के बाद घायल की हालत में सुधार न होने पर संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है।

### सरपंच पति पर अवैध उत्खनन का लगा आरोप

**मऊगंज।** जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंच पति की धमक और राजनीतिक रुतबे देखी जा रही है ग्राम सभा में अनैतिक दबाव और पंचायती कार्यों में दखलंदाजी भी देखने को मिल रही है किंतु अब सरपंच पति अवैध उत्खनन भी करने लगे हैं मामला हनुमना के ग्राम पंचायत गोपला में सर्रा प्लाट टोला का है जहां सरपंच पति विजेंद्र कुमार पटेल द्वारा कई वर्षों से अवैध उत्खनन करके वन संपदा को नष्ट किया जा रहा साथ ही सरकारी राशि का भी नुकसान पहुंचाया जा रहा उक्त आरोप ग्राम पंचायत के सुशील कुमार पटेल ने कलेक्टर मऊगंज को आवेदन देकर शिकायत की है शिकायतकर्ता ने कहा सरपंच पति के साथ एक दर्जन लोग अवैध उत्खनन कर रहे हैं



### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



**मऊगंज।** जनपद पंचायत हनुमना के सभागार में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान जहां विभाग बार एक एक जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए दिए गए टारगेट मानक के आधार पर पूरा करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा की लापरवाही बताने वाले मुझे कतई बर्दाश्त नहीं। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 5:00बजे से जनपद पंचायत हनुमना के सभागार में एसडीएम कमलेश पुरी तहसीलदार कन्हैयालाल पनिका फूड इंस्पेक्टर अनिल गुप्ता ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी नागेंद्र मिश्रा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी संखधर त्रिपाठी एवं सविता साकेत आदि की उपस्थिति में स्वास्थ्य सहकारिता राजस्व आदि विभागों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि शासन ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय अनेक योजनाएं संचालित की है उनका लोगों को सही-सही लाभ मिल पाए यह हम सब का कर्तव्य बनता है कलेक्टर श्रीवास्तव ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा करते हुए कहा कि यह इतनी महत्वपूर्ण योजना है कि 5 लाख तक का मुफ्त इलाज हर जरूरतमंद को उपलब्ध कराने जैसा पूण्यदायी योजना भारत सरकार ने चलाई है इसमें हम सब सहभागी होकर लोगों का हित यदि करते हैं निश्चित परमात्मा भी हमें इसका फल अवश्य देगा।